जागरण

Faridabad: विदेशी ब्रांड की नकली सिगरेट बनाने की फैक्ट्री में CGST की छापेमारी, 21 लाख का लगाया जुर्माना

फरीदाबाद, जागरण संवाददाता। केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर (सीजीएसटी) विभाग की टीम ने विदेशी ब्रांड की नकली सिगरेट बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। यह फैक्ट्री डबुआ-पाली रोड पर खेतों में एक शेड के नीचे चल रही थी। मौके पर बड़ी संख्या में विदेशी ब्रांड की नकली सिगरेट मिली है। सीजीएसटी ने फैक्ट्री को सील कर दिया गया।

21 लाख रुपये का लगाया जर्माना
इसके ऊपर 21 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। यहां बनाई जा रही नकली सिगरेट दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई की जा रही थी। सीजीएसटी को विदेशी ब्रांड की नकली सिगरेट बनाए जाने की सूचना मिली। आयुक्त ने गुपचुप तरीके से छापेमारी की योजना बनाई। अधिकारी और कर्मचारियों को बिना पूर्व सूचना के एक जगह एकत्र किया गया।

Source: https://www.jagran.com/haryana/faridabad-ncr-cgst-raid-in-factory-making-fake-cigarettes-of-foreign-brand-in-faridabad-fined-rs-21-lakh-23370501.html